




डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26

ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 86 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | मंगलवार 07 जनवरी 2025 | मूल्य 2 रुपया




## मौसम : तापमान में आई गिरावट, लुढ़का पारा

**मंदसौर, 06 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** शहर सहित अंचल में तीन-चार दिनों की राहत के बाद सोमवार से फिर मौसम में बदलाव आया है। सर्द हवाओं के साथ तापमान में 2 से 3 डिग्री तक कि गिरावट आई है। जिले में अधिकतम तापमान 24.5 डिग्री और न्यूनतम तापमान 12.3 डिग्री के आसपास बना हुआ है। मौसम विभाग ने 12 जनवरी से प्रदेश के कुछ जिलों में हल्की बारिश होने का अनुमान जताया है। ऐसा उत्तर-पश्चिम भारत में 10 जनवरी को एक्टिव होने वाले वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) के असर से हो सकता है। मौसम वैज्ञानिक वीएस यादव... **शेष पेज 4 पर**






# हर महीने 12 दिन में एक हत्या..!

## वर्ष 2024 में बढ़ी अपराधिक घटनाएं, एनडीपीएस की कार्रवाई हुई कम

**मंदसौर, 06 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** वर्ष 2024 में अपराध और अपराधियों की संख्या में ईजाफा हुआ। वैसे तो कुछ समय पहले तक मंदसौर जिले को शांत माना जाता था। लेकिन, पिछले साल के आंकड़ों पर नजर डाले तो हर 12 दिन में औसत एक हत्या का मामला सामने आया। इसके अलावा हत्या के प्रयास, अपहरण, बलवा सहित अन्य छोटे मोटे अपराधों में भी इजाफा हुआ। इधर अफीम उत्पादक मंदसौर तस्करी के लिए बदनाम है। इसके बाद भी एनडीपीएस के मामलों में पिछले साल की तुलना में कमी आई।

एक साल में हत्याओं में 90 प्रतिशत से ज्यादा की बढ़ोतरी ने जिले को झकझोर दिया है। पुलिस ग्राफ नीचे लाने में बिलकुल भी कामयाब नहीं हुई है। अपहरण, हत्या का प्रयास, वाहन चोरी जैसे अपराध का ग्राफ भी बढ़ा है। अवैध मादक पदार्थ के दर्ज मामलों को देखे तो तस्करी रोकने में पुलिस रुचि

| वर्ष | हत्या | हत्या का प्रयास | अपहरण | बलवा | एनडीपीएस |
|---|---|---|---|---|---|
| 2024 | 29 | 28 | 145 | 20 | 134 |
| 2023 | 16 | 21 | 138 | 10 | 161 |
| 2022 | 21 | 17 | 138 | 20 | 143 |

नहीं दिखा रही है। हालांकि आंकड़े भले ही कम हैं। लेकिन, तस्करी के आरोपियों को अधिक पकड़ा है। आर्म्स एक्ट के प्रकरणों की संख्या गत साल से बहुत कम है।

### तस्करी पर नकेल पड़ी ढिली...

तस्करी को लेकर मंदसौर जिला बदनाम है। ऐसे में सख्त कार्रवाई की दरकार तस्करों पर है। लेकिन, इस मामले में पुलिस पिछे रही। एक जनवरी से लेकर 15 दिसंबर तक 134 मामले एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज हुए है। जबकि, 2023 में 161 मामले दर्ज किए थे और 2022 में 143 मामले दर्ज किए गए है। हालांकि इस साल भले ही तस्करी के मामले कम है। लेकिन तस्करी के आरोपियों की संख्या अधिक है। सूत्रों की माने तो अवैध मादक पदार्थ की तस्करी को रोकने को लेकर स्पेशल टीम काम कर रही है। ऐसे में थाना प्रभारियों की रुचि अब तस्करी पर कार्रवाई को लेकर कम हो गई है।

### यहां थोड़ी राहत...

यह बात जरुर है कि बलात्कार, छेड़छाड़, चेन स्नेचिंग, डकैती की तैयारी, गृह भेदन चोरी और सादा चोरी जैसे अपराधों पर अंकुश लगा है। वहीं वाहन चोरों पर पुलिस नियंत्रण नहीं कर पा रही है। अब तक 188 मामले दर्ज हो चुके है। यह 15 दिसंबर तक के आंकड़े



है। आज की स्थिति में आंकड़े बढ़ गए है। वाहन चोरों को लेकर पुलिस ने अब तक कोई खास रणनीति नहीं बनाई है। जिसके चलते आंकड़े बढ़ रहे है।

### बीते साल सबसे अधिक हत्या...

2024 में सबसे अधिक हत्या के मामले बढ़े है। इस साल 15 दिसंबर तक जिले में 29 हत्या के मामले दर्ज हुए है। जबकि गत साल 16 हत्या के मामले दर्ज हुए थे। यानी की हत्या जैसे गंभीर अपराध भी बढ़ गए है। 2022 का आंकड़ा देखे तो 21 मामले हत्या के दर्ज हुए थे। इस तरह हत्या के प्रयास के 28 मामले दर्ज हुए। जो 2023 में 21 और 2022 में 17 दर्ज हुए थे। साल दर साल यह आंकड़े बढ़ रहे है। वही अपहरण के मामले 145 दर्ज हुए है। जो गत साल से अधिक है। वाहन चोरी के आंकड़े भी बढ़े हैं। इन सभी पर पुलिस अंकुश लगाने में विफल साबित हुई है।

# बीजेपी:जिलाध्यक्ष की घोषणा से पहले बवाल

## दीक्षित समर्थकों ने छपवाए फ्लेक्स, बनवाये होर्डिंग

### आज सूची जारी होने की संभावना

**मंदसौर, 06 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** बीजेपी जिलाध्यक्ष को लेकर चल रही उठापटक के दौरान ही एक और बवाल सोशल मीडिया पर हो गया। दिल्ली पहुंची पैनल में हर नेता और आम लोगों की अपनी-अपनी पैनल थी। मतलब चर्चाओं में पैनल अलग अलग तैयार हो रही थी। ऐसे में राजेश दिक्षीत एक सिंगल नाम माना जा रहा था। इस नाम को काटकर विरोधी या दावेदार आगे निकलने का प्रयास कर रहे थे। सोमवार को लिस्ट जारी होने की संभावना बन रही थी। लेकिन, रात तक लिस्ट जारी नहीं हो पाई। इधर जिले में सोशल मीडिया पर राजेश दिक्षीत अध्यक्ष बन गए। समर्थकों ने तो बधाईयां देना शुरू कर दी। इसके बाद दोपहर में सोशल मीडिया पर राजेश दिक्षीत के फ्लेक्स जारी हुए। जिसमें जिलाध्यक्ष बनने पर बधाईयां लिखी हुई थी। इसके बाद



मानो राजेश दिक्षीत अघोषित अध्यक्ष बन ही गए। समर्थकों में खुशी की लहर देखी गई। बधाईयों का दौर तेज हो गया। लेकिन, भोपाल में अभी भी नेता अपने अपने सिपहसालर के लिए अड़े हुए थे। ऐसे में राजेश दिक्षीत के फ्लेक्स चर्चाओं में आ गए। विरोधी या दावेदारों ने अप्रत्यक्ष रूप से इसका विरोध शुरु कर दिया। सार्वजनिक तौर पर सोशल मीडिया पर यह संगठन के नियम के खिलाफ किए जाने वाला काम बताया गया। इधर इसके बाद भाजपा मल्हारगढ़ मंडल अध्यक्ष ने भी सोशल मीडिया पर पोस्ट की। जिसमें मंडल अध्यक्ष आशीष वियजवर्गीय ने कहा कि बधाईयां और पोस्टर्स के जो फोटो जिलाध्यक्ष के लिए वायरल हुए है। संगठन द्वारा अधिकृत रूप से अभी कोई घोषणा नहीं की गई है। न ही मल्हारगढ मंडल या जिले के किसी संगठन कार्यकर्ता की ओर से कोई बधाई पोस्ट जारी किए गए है। यह बिना संज्ञान के किया गया अनुचित कृत्य है। यह एक षडयंत्र का हिस्सा है। संगठन की अधिकृत घोषणा के पूर्व किसी भी प्रकार के बैनर पोस्टर जारी नहीं किए जाए।

### पत्ते खुलना बाकी...

मंदसौर जिले में भाजपा जिलाध्यक्ष को लेकर फिलहाल गहमागहमी का माहौल है। अभी तक यह पता नहीं चल पाया है कि मंदसौर में अगला अध्यक्ष कौन होगा। मंदसौर में जिलाध्यक्ष को लेकर पेंच उलझे हुए है। प्रदेश के 30 भाजपा जिलाध्यक्षों की सूची तैयार हो चुकी है। माना जा रहा है कि मंदसौर सहित अन्य जगहों पर चल रही माथाफोडी के कारण फिलहाल मंदसौर के पत्ते भी नहीं खुल पाए है।

### सोमवार को भी नामों को लेकर चली कवायद...

रविवार देर रात तक नामों को लेकर कवायद .... **शेष पेज 4 पर**

### कृषि मंडी में हंगामा...

# किसानों ने की नारेबाजी, स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग

**नीमच, 06 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** नवीन कृषि उपज मंडी चंगेरा में सोमवार सुबह ग्रामीणों ने हंगामा कर मंडी गेट को बंद कर नारेबाजी की। दरअसल नवीन कृषि उपज मंडी चंगेरा में बनाई गई है। यहां के आसपास के तीन गांव डुंगालवादा, चंगेरा और सगराना के ग्रामीण नवीन मंडी के दोनो गेट जावद ओर चंगेरा गेट पर स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग कर रहे है। उनका कहना है कि स्पीड ब्रेकर के अभाव में आए दिन लोग हादसों का शिकार हो रहे हैं।

किसानों का आरोप है कि इस संबंध में कई बार मंडी प्रशासन और जिम्मेदारों को अवगत कराया गया। बावजूद इसके उन्होंने ध्यान नहीं दिया। जिसके चलते सोमवार को उन्होंने मंडी गेट बंद कर विरोध प्रदर्शन किया। हंगामे की सूचना पर मंडी प्रशासन के अधिकारी और पुलिस मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से चर्चा कर दो दिन में उनकी मांगों और समस्याओं का निराकरण करने का भरोसा दिया। जिसके बाद किसानों ने अपना विरोध खत्म किया। साथ ही चेतावनी दी कि यदि दो दिन बाद भी समस्या का समाधान नहीं किया गया तो पुन: आंदोलन और विरोध प्रदर्शन करेंगे।

### गेट पर लगी लोगों की भीड़...

वही हंगामा और मंडी का गेट बंद होने के चलते मंडी गेट के बाहर भारी भीड़ जमा हो गई और मंडी उपज लेकर पहुंचने वाले वाहनों की लंबी कतार लग गई। वहीं ग्रामीणों के इस विरोध प्रदर्शन में बाहर से आए किसानों ने भी अपना समर्थन दिया और ग्रामीणों की मांगों को वाजिब बताया। इस दौरान करीब आधे घंटे से अधिक समय तक मंडी के कामकाज प्रभावित हुए। हालांकि पहले से मंडी में मौजूद किसानों की उपज की नीलामी बदस्तूर जारी रही।

### यह हैं मुख्य मांगे...

डुंगलावदा चौराहा गेट ओर चंगेरा गेट पर स्पीड ब्रेकर बनाये जाए। मंडी में स्थित गांव के प्राचीन मन्दिर की मरम्मत की जाए। ग्रामीणो की समस्याओं और मांगो ओर उचित तवज्ञो दी जाए।

# मंदसौर कांग्रेस का जिलाध्यक्ष ग्रामीण क्षेत्र का बन सकता है..?

**मंदसौर/उज्जैन, 06 जनवरी गुरु एक्सप्रेस। जिला कांग्रेस संगठन के चुनाव पर्यवेक्षक बने जयवर्धन सिंह जिले में दौरे कर रहे हैं। वे बीती 02 जनवरी को मुख्यालय मंदसौर में सभी कांग्रेसियों से मिले थे। आज फिर सीतामऊ, सुवासरा, शामगढ़ ब्लॉक में कार्यकर्ताओं से मिल रहे हैं। मंदसौर विधानसभा क्षेत्र की जिम्मेदारी इंदौर लोकसभा क्षेत्र के पूर्व युवक कांग्रेस अध्यक्ष रहे अमन बजाज को तथा मल्हारगढ़ विधानसभा की हेमंत चौहान को दी गई है। इसके अलावा गरोठ-भानपुरा विधानसभा को जिला पर्यवेक्षक जयवर्धन सिंह ही देखेंगे।**

जिला संगठन गठन के लिए विधानसभा वार जिम्मेदारी जिला पर्यवेक्षक द्वारा निर्धारित की गई है। इसे जयवर्धन सिंह की कूटनीति या पहले से की गई तैयारी या दूरदर्शिता कहा जा सकता है। जिला प्रभारी होने के बाद भी जिला मुख्यालय अमन बजाज के जिम्मे किया गया और खुद ने ग्रामीण क्षेत्र के ब्लॉक अपने पास रखे हैं। ऐसा करने के पीछे भावी राजनीतिक योजना भी हो सकती है।



चन्द्रमोहन भगत

क्योंकि, जिले में कांग्रेस को फिर से पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के कार्यकाल की तरह मजबूत बनाना भी हो सकता है। साथ ही जिला मुख्यालय खुद जयवर्धन ने इसलिए भी छोड़ा होगा कि स्थानीय मंदसौर क्षेत्र से जिला अध्यक्ष विपिन जैन वर्तमान में संसदीय क्षेत्र से एकमात्र विधायक हैं। यह कारण तो स्पष्ट सतही और सार्वजनिक है। जबकि, यह खोज का विषय है कि खुद जिला प्रभारी होने के बाद भी ग्रामीण क्षेत्र को टारगेट क्यों कर रहे हैं!

जिले के अनुभवी कांग्रेसियों में भी यह चर्चा का विषय बना हुआ है। दिग्विजय सिंह के मुख्यमंत्रीत्व कार्यकाल के पहले से जब मंदसौर-नीमच अविभाजित जिला था। तब जिला अध्यक्ष स्वर्गीय नारायण राव हुपेले हुआ करते थे। ग्रामीण क्षेत्र मल्हारगढ़ के झारडा गांव के रहने वाले थे। सन 1980 से 1997 तक सबसे लंबे समय 17 सालों तक जिला अध्यक्ष रहे थे। इसी कारण यह माना जा रहा है कि जयवर्धन भी ग्रामीण क्षेत्र से किसी योग्य संगठक को तलाशने में लगे हैं। जो वह स्व. हुपेले की तरह विभाजित मंदसौर जिला कांग्रेस को चलाएं और कांग्रेस की जनसाख को पहले की तरह स्थापित कर सके, ताकि संसदीय क्षेत्र में विधायको की संख्या बढ़ सके। बीते 10 सालों से तो पूरे संसदीय क्षेत्र में कांग्रेस विधायक का अकाल पड़ा हुआ था। 2014 के चुनाव में संभाग में कांग्रेस से एकमात्र सुवासरा से विधायक हरदीपसिंह डंग थे। जो 2019 के बाद कांग्रेस सरकार बनने पर बगावत कर भाजपा में चले गए थे। वर्तमान विधानसभा में उज्जैन संभाग से मात्र तीन कांग्रेस के विधायकों में मंदसौर के विपिन जैन भी हैं। जयवर्धन सिंह जिस विजन को लेकर मंदसौर जिले की कांग्रेस को खंगाल रहे हैं। ऐसा लगता है कि किसी योजना के तहत ही ग्रामीण क्षेत्र पर अधिक ध्यान दे रहे हैं।

ऐसा होना स्वाभाविक भी माना जा रहा है। क्योंकि, स्व. हुपेले के कार्यकाल के बाद सभी शहरी क्षेत्र के अध्यक्ष बनते रहे थे और कांग्रेस का जन आधार घटाते ही रहे थे। ऐसे में जयवर्धन अगर जिला संगठन को मजबूत और व्यापक आधार वाला बनाने के लिए नए प्रयोग से कांग्रेस को लाभ पहुंचा पाए तो प्रशंसा पाएंगे ही, वरना खोने को कुछ है भी नहीं।







# श्री रामलला मंदिर की स्थापना की प्रथम वर्षगांठ पर संगीतमय सुंदरकांड का आयोजन 11 को

**मंदसौर, 06 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** अयोध्या में स्थित राम मंदिर में भगवान रामलला को विराजे लगभग एक वर्ष पूर्ण होने जा रहा हे जिसको लेकर पूरे देश के सनातनियों में खुशी है साथ ही सभी सनातनी इस पल के पुन: प्रतीक्षा में है कि हम सभी राम मंदिर स्थापना का ये प्रथम वर्ष हर्ष उल्लास के साथ मनाए।इसको लेकर मंदसौर मेडिकल हेल्पलाइन द्वारा भी मंदसौर नगर में पुन: इस पल की प्रतीक्षा में हे की हम सभी भी हमारे नगर में भव्य आयोजन करे।इसको लेकर मंदसौर मेडिकल हेल्पलाइन द्वारा दवाई वाले बालाजी मंदिर दवा बाजार में भव्य संगीतमय सुंदरकांड का आयोजन करने जा रहा है।

मंदसौर मेडिकल हेल्प लाइन के संस्थापक अध्यक्ष मिथुन वप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि जब पूरे विश्व में अयोध्या में प्रतीक्षारत भव्य राम मंदिर निर्माण की खुशी मनाई तो मंदसौर में भी हमारी समिति मंदसौर मेडिकल हेल्पलाइन द्वारा मंदिर निर्माण की खुशी में भव्य संगीतमय सुंदरकांड का आयोजन कराया गया था।इस आयोजन को अब पुन: समिति द्वारा पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी संगीतमय सुंदरकांड का आयोजन करने जा रहे है। सनातन संस्कृति का परिचायक भव्य राम मंदिर अयोध्या में विराजित भगवान श्री राम लला के भव्य एवं विराट मंदिर के स्थापना की प्रथम वर्षगांठ पर संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन तिथि अनुसार पौष शुक्ल पक्ष द्वादशी संवत् 2081 दिनांक 11 जनवरी 2025,शनिवार रात्रि 7.30 बजे दवाई वाले बालाजी मंदिर प्रांगण में किया जाएगा। ज्ञात है कि मंदसौर मेडिकल हेल्पलाइन विगत कई वर्षों से समाज में अनेक कार्यक्रम को लेकर सक्रिय है।टीबी उन्मूलन सेवा क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रही है।हमारी संस्था के सदस्य निक्षय मित्र बन किट(टीबी मरीज हेतु प्रोटीन सप्लीमेंट)भी प्रदाय कर रहे हैं साथ ही प्रत्येक व्यक्ति के जन्मदिन पर एक पौधा पूर्ण जवाबदारी के साथ रोपित किया जाता है और उसका संरक्षण भी किया जाता है।संस्था नि:शुल्क परीक्षण कैंप भी आयोजित करवाती है ,रक्त दान के क्षेत्र में ब्लड उपलब्ध कर और मरीजों की सेवा हेतु सदैव तन मन धन और पूर्ण मनोयोग से तत्पर रहती है।मिथुन वप्ता ने आमजन से निवेदन किया है कि भव्य संगीतमय सुंदरकांड में आप सभी सादर आमंत्रित हैं,पधारें और आनन्द लें।



## छत्तीसगढ़ में नक्सलियों की कायराना करतूत... सेना के वाहन पर किया ब्लास्ट, 7 जवान शहीद, कई घायल

**बीजापुर, 06 जनवरी।** छत्तीसगढ के बीजापुर में बड़ा नक्सली हमला हुआ है। जानकारी के अनुसार नक्सलियों ने सोमवार को भारतीय सेना की एक बख्तरबंद गाडी को निशाना बनाकर आईइईडी ब्लास्ट किया। बस्तर रेंज के आईजी ने इस हमले की पुष्टि की है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, इस हमले में सेना के 7 जवान शहीद हो गए हैं। जबकि कई जवान जख्मी बताए जा रहे हैं। नक्सल एडीजी विवेकानंद सिन्हा ने बताया कि नक्सलियों ने बीजापुर के कुटुर मार्ग पर आईईडी ब्लास्ट किया। नक्सलियों ने सेना की जिस गाड़ी को निशाना बनाया, उसमें 9 से ज्यादा जवान सवार थे। भारतीय सेना ने जवाबी कार्रवाई भी की है।

# नसबंदी में हुई लापरवाही पीड़ित महिलाओं से कांग्रेस नेताओं ने ली स्वास्थ की जानकारी

## बीएमओ भी पहुंचे मौके पर, ब्रेड, दूध, बिस्किट, फल किये वितरीत, जांच के लिए तीन सदस्यीय डॉक्टरों की टीम गठित-बीएमओ जितेंद्र पाटीदार

**मल्हारगढ़/नारायणगढ़, 06 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** नसबंदी में हुई लापरवाही को लेकर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग एवं पीड़ित महिलाओं को पर्याप्त स्वास्थ सुविधा उन्हें उनके निवास पर ही मुहैय्या कराई जाए।ज्ञात हो 4 जनवरी शनिवार को नसबंदी शिविर में ऑपरेशन के दौरान डॉक्टरों की लापरवाही सामने आई थी।



सोमवार को मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अनिल शर्मा,जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष रामचन्द्र करुण, महामन्त्री द्वय बाबुखा मेवाती,अजित कुमठ,नगर युवक कांग्रेस अध्यक्ष राहुल अहीर,ब्लॉक कांग्रेस उपाध्यक्ष अनिल मुलासिया, कांग्रेस नेता पप्पू भेरूलाल गुर्जर आदि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे व पीड़ित महिलाओं से चर्चा कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। अनिता पति दिनेश सोलंकी 29 निवासी चन्दवासा ने बताया कि मेरे पांच लडकिया है मुझे लगता है कि मेरा ऑपरेशन बगैर सुन्न किये ह8 किया गया में टेबत पर दर्द के मारे चिल्लाती रही पर ऑपरेशन कर डॉक्टर ने एक भी नही सुनी अभी भी मुझे काफी दर्द होरहा है। इसी तरह तस्लीम पति अय्यूब भाई 28 निवासी काचरिया चन्द्रावत ने बताया कि मेरे एक लडका और एक लडकी है गलत ऑपरेशन से मुझे लगा कि अब में जिंदा नही बचूंगी अगर मुझे कुछ होजाता तो मेरे बचो का क्या होता अभी भी काफी दर्द है उठते भी नही बन रहा है।

**कांग्रेसनेताओ ने बीएमओ को बुलाया मोके पर–** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे कांग्रेसनेताओ ने मल्हारगढ़ बीएमओ जितेंद्र जी पाटीदार को भी मौके पर बुलवाया ओर उनसे चर्चा की ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अनिल शर्मा ने कहा कि नसबंदी में डॉक्टरों की लापरवाही से पीडित महिलाओ के पर्याप्त इलाज की व्यवस्था उनके निवास पर ही हो उन्हें भटकाया नही जाय बीएमओ ने कहा कि उनके समूचे इलाज के लिए टीम गठित कर उन्हें घर पर स्वाथ्य सेवाएं दी जाएगी। जिला कांग्रेस के महामन्त्री बाबुखा मेवाती एवं अजित कुमठ ने मांग करी है कि सभी पीडित महिलाओं की सोनोग्राफी भी करवाई जाए ताकि लापरवाही का पता चल सके और इनका इलाज भी व्यवस्थित होसके। कांग्रेसनेताओ अस्पताल में स्वास्थ्य लाभ लेरहि महिलाओ को दूध ब्रेड,बिस्किट,फल आदि भी वितरित किये। जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष रामचन्द्र करुण ने कहा कि इन पीडित महिलाओं में सभी गरीब है इनके गरीबी रेखा के राशन कार्ड बनाये जाय।

**तीन सदस्यीय डॉक्टरों की टीम करेगी जांच–** बीएमओ जितेंद्र जी पाटीदार ने बताया कि मामला संज्ञान में आने के बाद जिला चिकित्सालय मन्दसौर से पूरे घटनाक्रम की जांच के लिए तीन सदस्यीय डॉक्टरो की टीम गठित कर दी गई हो जो सात दिन में अपनी जांच रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को प्रेषित करेगी। इस मौके पर पीडित महिलाओं के परिजन भी मौजूद थे।

## पं. रामनारायण शर्मा की पुण्य स्मृति में श्री बड़े बालाजी मंदिर पर रामरसोड़े का शुभारंभ आज

**मंदसौर, 06 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** श्री बड़े बालाजी मंदिर के संस्थापक परम श्रद्धेय स्व. श्री पं. रामनारायण शर्मा की पुण्य स्मृति में आज 7 जनवरी 2025, मंगलवार को प्रात: 11 बजे नगर के गुरूजनों, समाज सेवकों, एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में रामरसोडे का शुभारंभ श्री बड़े बालाजी मंदिर परिसर में किया जाएगा।



उक्त जानकारी देते हुए मंदिर समिति अध्यक्ष पं. दिलीप शर्मा, प्रवक्ता रवि ग्वाला ने बताया कि स्व. श्री पं. रामनारायण शर्मा की पुण्य स्मृति श्री बड़े बालाजी मंदिर समिति द्वारा 5 वर्ष तक प्रतिदिन प्रात: 11 से दोप. 1 बजे जरूरतमंदों को नि:शुल्क भोजन का वितरण किया जाएगा। जिसका शुभारंभ आज होगा। मंदिर समिति के सदस्यगण विनय दुबेला, नरेश चंदवानी, दिनेश जोशी (ऊँशांति), अनिल कियावत, चौथमल शर्मा, सज्जनलाल खमेसरा, नारायण पालीवाल, अनिल सुराह, महेन्द्रसिंह सिसौदिया, हेमन्त सुरा, शिवशंकर सौलंकी, कपिल सौलंकी, राजाराम तंवर, जीवनलाल गोसर, वरदीचंद कुमावत, मुन्ना बेटरी, विनोद रूनवाल आदि ने सभी बालाजी भक्तों से कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है।



## अग्निवीर वायु हेतु पब्लिसिटी ड्राइव का आयोजन सम्पन्न

**मंदसौर, 06 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिला रोजगार अधिकारी द्वारा बताया गया किइण्डियन एयर फोर्स भोपाल की टीम द्वारा जिले में अग्निवीर वायु की भर्ती की प्रक्रिया, मापदण्ड एवं अन्य जानकारी का पब्लिसिटी ड्राईव का आयोजन किया गया। केन्द्रीय विद्यालय, रेवास देवड़ा रोड़ एवं लाल बहादुर शास्त्री शासकीय एक्सीलेन्स क्र. 1 मंदसौर में पब्लिसिटी ड्राइव का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 500 विद्यार्थियों को अग्निवीर वायु की भर्ती की प्रक्रिया, मापदण्ड एवं अन्य जानकारी एयर फोर्स के कमांडरों द्वारा दी गई।

# सात्विक आहार, श्रम और विश्राम स्वस्थ जीवन का आधार है-रातड़िया

**मंदसौर, 06 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** आध्यात्मिक चेतना अभियान द्वारा प्राकृतिक चिकित्सा केन्द्र नयाखेडा के सहयोग से श्री सत्यसांई निलियम नयाखेडा पर प्राकृतिक चिकित्सा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रमुख वक्ता श्री प्रकाश रातडिया ने कहा कि सीमित, सात्विक, प्राकृतिक आहार, श्रम और विश्राम स्वस्थ जीवन का आधार है। अधिक और कृत्रिम आहार रोगो का कारण है। मांसाहार और मदिरापान व अन्य नशे जीवन के लिए घातक है। आपने कहा कि जल्दी सोना और जल्दी उठना आदर्श दिनचर्या का अंग है। शुद्ध हवा, शुद्ध पानी और शुद्ध आहार प्राकृतिक चिकित्सा का आधार है। प्राकृतिक चिकित्सक डॉ.हमीदशाह जिलानी ने कहा कि प्राकृतिक चिकित्सा मे दवा का प्रयोग नही होता है यह तो प्राकृतिक जीवन पद्धति है। इसका अनुसरण करने पर कोई रोग नही हाता है। रोग हो जाने पर शीघ्र ही स्वस्थ हो जाते है। आपने कहा कि शरीर मे स्वयं को स्वस्थ रखने ओर रोग को दूर करने की क्षमता है। इसका प्रयोग ही प्राकृतिक चिकित्सा है। यह सहज, सरल व सस्ती है। हिन्दी साहित्य संस्थान के अध्यक्ष




श्री कृष्णकुमार जोशी, आध्यात्मिक संवाद के समन्वयक श्री प्रकाश कल्याणी, वरिष्ठ अभिभाषक श्री मोहनसिंह चैहान, प्राकृतिक चिकित्सक श्री विनोद जैन, श्री यशवंत प्रजापति , श्री रामलाल मालवीय ने अपने विचार रखे। श्री अभयकुमार जैन ने मंगलाचरण प्रस्तत किया। वरिष्ठ अभिभाषक श्री मोहनसिंह चौहान का जन्म दिन वर्ष गाँठ के अवसर पर सम्मान किया गयाण् श्री मोहम्मद जिलानी, सिद्दिक हुसैन, वसीम अकरम, उस्मान अमन अली ने स्वागत किया गया आएश्री भेरुलाल पटेलएअमृतराम सुनार्थीएदलपत सिंह सिसोदियाएनदीम खानएशुभम जैनएधर्मेन्द्र चोहान एविश्वनाथ सोनीएभेरुलाल कुमावत ने उनका स्वागत कियाण् अध्यात्मिक चेतना अभियान के संयोजक श्री विनोद शर्मा ने गतिविधियो की जानकारी दी। संचालन आध्यात्मिक चेतना अभियान संवाद के संयोजक श्री रमेश ब्रिजवानी ने व आभार प्रदर्शन श्री कलीम शाह ने किया।

## भारतीय पत्रकार संघ एआईजे के मंदसौर जिलाध्यक्ष पद पर पत्रकार प्रकाश बंसल नियुक्त

**पिपलियामंडी, 06 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** भारतीय पत्रकार संघ राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील जी सोनवणे, राष्ट्रीय संगठन महासचिव विनोद जी सोलंकी, के अनुमोदन पर प्रदेश कार्य कमेटी प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा देवास एवं प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष राशिद खान नागदा के द्वारा एक्शन आफ इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन के मन्दसौर जिलाध्यक्ष पद पर मन्दसौर जिले के वरिष्ठ पत्रकार श्री प्रकाश बंसल पिपलिया मण्डी को मन्दसौर जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर राष्ट्रीय कमेटी एवं प्रदेश कमेटी के द्वारा नवनियुक्त जिलाध्यक्ष को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की एवं मन्दसौर जिले के अंदर भारतीय पत्रकार संघ की नई जिला कमेटी करने की अनुशंसा की गई। इस अवसर पर नवनियुक्त जिलाध्यक्ष प्रकाश बंसल के द्वारा बताया गया कि जल्द ही मन्दसौर जिले के अंदर भव्य स्तर पर संगठन का सदस्यता अभियान चलाकर संगठन के सदस्यों का दायरा बड़ा किया जाएगा। समस्त जानकारी प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा देवास के द्वारा दी गई।



# मप्र मल्लखंब एसोसिएशन के अध्यक्ष सोनू गहलोत एवं सचिव ओम प्रकाश त्रिवेदी निर्विरोध निर्वाचित हुए



**मंदसौर, 06 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश मल्लखंब एसोसिएशन के द्वारा रतलाम में होटल मिडवे ट्रेड सालाखेड़ी पर चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न हुए। जिसके अंतर्गत भोपाल, उज्ज्ैन ,खाचरोद, इंदौर, खंडवा, खतरपुर, बदनावर, रतलाम, मंदसौर, देपालपुर, साहित काई जिलों से 50 से अधिक पदाधिकारी मौजूद हुए।

चुनाव में सर्वसम्मति से अध्यक्ष सोनू गहलोत उज्जैन, उपाध्यक्ष दयाराम पटेल खंडवा, उपाध्यक्ष अरविंद सारस्वत मंदसौर, सचिव ओम प्रकाश त्रिवेदी रतलाम, सहसचिव मोहनलाल बंबोरिया खाचरोद, कोषाध्यक्ष प्रहलाद शर्मा खाचरोद, प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य दिलीप जैन उज्जैन एवं भारत बांधेवाल भोपाल को निर्विरोध चुना गया। समस्त चुने गए पदाधिकारी का मलखब संघ मंदसौर जिला अध्यक्ष श्री अरविंद सारस्वत, उपाध्यक्ष बंसीलाल माली, सचिव जीवन माली, कल्याण गुरु व्यायाम शाला गोंदी घाट मंदसौर के सदस्य राजेश परमार, गुरु चौहान एवं समस्त सदस्यगण जितेंद्र धूलिया, राजेंद्र शर्मा, लीलाधर कहार, सिद्धू पहलवान आदि ने सम्मान किया। मंदसौर जिला अध्यक्ष श्री अरविंद सारस्वत ने बताया कि मलखंब खेल भारतीय परंपरागत एक स्वदेशी खेल है इसके लिए मध्य प्रदेश के अखाड़े एवं व्यायाम की संस्थाओं में जो भी संपूर्ण विधाओं सामग्री की आवश्यकता होगी तो मध्य प्रदेश सरकार के सहयोग से एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री सोनू गहलोत के मार्गदर्शन के साथ पुरी की जाएगी।



## पंख अभियान के तहत चल्दू में 5 दिवसीय बंधेज प्रशिक्षण सम्पन्न

**नीमच, 06 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिला प्रशासन द्वारा जिले में बांछड़ा समुदाय के उत्थान, कल्याण एवं स्वरोजगार उपलब्ध कराने के लिए संचालित पंख अभियान के तहत कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के मार्गदर्शन मे मध्यप्रदेश डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन तहत सोमवार को ग्राम पंचायत चल्दू मे समुदाय विशेष की महिलाओं (बाछड़ा) समुदाय एवं अन्य महिलाओं के लिए पांच दिवसीय बंधेज प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा हैं। इस प्रशिक्षण का सोमवार को द्वितीय दिवस हैं। कार्यक्रम मे मास्टर ट्रेनर श्री मोहमद आसिफ बढ़वाला उज्जैन द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस कार्यक्रम मे आजीविका मिशन के तहत गठित स्वयं सहायता समूह की महिलाएं भी उपस्थित थी।

# गायत्री परिवार ने पुलिस कालोनी पार्क व मंदिर परिसर का सफाई अभियान चलाया

**मंदसौर, 06 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** गायत्री परिविर व सहयोगी संस्था पतंजलि योग पीठ एवं वर्क संस्था के श्रमदानियों ने प्रात: 9 से 12 तीन घण्टे स्वच्छता अभियान चलाकर दो बार श्रमदान करके मंदसौर परिसर की पूर्णतया सफाई की व पार्क में भी सफाई अभियान चलाकर मंदिर परिसर की गंदगी गाजर घास, झाड़ी को साफ किया। आगे का कार्य के लिये नगरपालिका, क्षेत्रीय पार्षद एवं मोहल्लावासी को सफाई की जवाबदारी दी गई।

श्रमदानियों ने कहा कि सफाई को लेकर स्थिति गंभीर बनती जा रही है जिससे बीमारी का प्रमोद बढ़ता जा रहा है। गंदगी पर नियंत्रण रखने के लिये सरकार को चाहिये कि वह पोलीथीन पर प्रतिबंध लगाये और सार्वजनिक स्थानों पर डस्टबिन रखे व सीसीटीवी कैमरे भी लगाये तथा गंदगी करने वालों पर दण्डात्मक कार्यवाही करे। सरकारों द्वारा काफी पैसा सफाई पर खर्च किया जा रहा है लेकिन सार्थक परिणाम दिखाई नहीं दे रहे है। सामाजिक संस्थाएं गायत्री परिवार से जुड़कर जनजागृति का कार्य कर रही है। शासन प्रशासन भी नगर में सफाई अभियान चलाये। गायत्री परिवार के नये सदस्य हर्ष शर्मा, स्वच्छता अभियान के प्रभारी रमेश सोनी ने शासन, प्रशासन से भी कई बार इस तरफ ध्यान दिलाया है। वे भी गायत्री परिवार को सहयोग प्रदान कर अपने साधन इस कार्य में लगाये। गायत्री परिवार द्वारा स्वच्छता अभियान, जल बचाओ अभियान, नशा भारत छोड़ों अभियान नगर में चलाये जा रहे है। इस अभियान में तन मन धन से सहयोग प्रदान करें ताकि कार्य और अच्छा हो सके। श्रमदान में पुलिस विभाग से संजय तोमर, रोहित शर्मा, श्री तिवारी, श्री शुक्ला, योगेशसिंह सोम, हर्ष शर्मा, फिरोज हुसैन, सेवानिवृत्त अधिकारी बाबूलाल चौहान चन्द्रपुरा, रमेश सोनी, रूपेश, योग गुरु बंशीलाल टांक ने सहभागिता की।



## स्वामी विवेकानंद के जन्म-दिवस 12 जनवरी को होगा सामूहिक सूर्य-नमस्कार

**नीमच, 06 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश में स्वामी विवेकानंद के जन्म-दिवस 12 जनवरी को प्रतिवर्ष युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। युवा दिवस के मौके पर विद्यालयों, महाविद्यालयों और शिक्षण संस्थाओं में सामूहिक सूर्य-नमस्कार का आयोजन किया जाता है। सामूहिक सूर्य-नमस्कार के साथ स्वामी विवेकानंद पर केन्द्रित प्रेरणादायी शैक्षिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जाते हैं।

स्कूल शिक्षा विभाग ने आयुक्त लोक शिक्षण को सामूहिक सूर्य-नमस्कार और इससे जुड़े कार्यक्रमों में स्वयंसेवी संगठनों और आम लोगों की भागीदारी भी सुनिश्चित करने के लिये कहा है। विभाग द्वारा जारी निर्देशों में कहा गया है कि प्रदेश की समस्त विद्यालयीन संस्थाओं में 12 जनवरी को प्रात: 9 से प्रात: 10:30 बजे तक सामूहिक सूर्य-नमस्कार का आयोजन हो। कार्यक्रम में राष्ट्रीय गीत वंदे-मातरम और मध्यप्रदेश गान का सामूहिक गायन होगा। इसी दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का रेडियो पर संदेश प्रसारित होगा। सामूहिक सूर्य-नमस्कार समस्त शिक्षण संस्थाओं में एक साथ, एक संकेत पर किया जायेगा। कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में समिति का गठन किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। शिक्षण संस्थाओं में होने वाले सामूहिक सूर्य-नमस्कार में मंत्रीगण, सांसद, महापौर, अध्यक्ष जिला पंचायत, विधायक, अध्यक्ष नगरपालिका एवं स्थानीय जन-प्रतिनिधि भी शामिल होंगे।

## नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 के संबंध में बैठक सम्पन्न

**नीमच, 06 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** भारत निर्वाचन आयोजन, नई दिल्ली एवं मुख्य, निर्वाचन पदाधिकारी, मध्य प्रदेश, भोपाल के निर्देशानुसार सोमवार को उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजीव साहू की अध्यक्षता में फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण, 2025 के अंतर्गत निर्वाचक नामावली के अंतिम प्रकाशन के संबंध में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजीव साहू, आम आदमी पार्टी के श्री विनोद पंवार, बहुजन समाज पार्टी के श्री दुर्गाप्रसाद जाटव, इंडियन नेशनल कांग्रेस के श्री बृजेश मित्तल उपस्थित थे। बैठक में उपस्थित राजनैतिक दल के सदस्यों को फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 के अंतर्गत निर्वाचक नामावली के प्रारूप प्रकाशन से अंतिम प्रकाशन के दौरान प्राप्त, फार्म-6, 7 तथा 8 एवं उनके निराकरण की जानकारी तथा फोटो रहित निर्वाचक नामावली की डीव्हीडी का एक-एक सेट तथा फोटो रहित निर्वाचक नामावली का एक-एक सेट प्रदान किया गया। बैठक में आम आदमी पार्टी एवं बहुजन समाज पार्टी की ओर से उपस्थित प्रतिनिधियों की ओर से यह सुझाव प्रस्तुत किया गया कि वर्तमान समय में डी.व्ही्.डी. की उपयोगिता समाप्त हो चुकी है, ऐसी स्थिति में फोटो रहित निर्वाचक नामावली डी.व्ही.डी.के स्थान पर पेनड्राइव में उपलब्ध कराई जाना चाहिए।

**व्यंग्य......**

# अपना कचरा दूसरे के सर

पडोसन सुबह सुबह जल्दी जब झाड़ू निकालती तो उसके घर का कचरा सड़क पर मेरे घर के आगे खिसका देती। मेरी सुलझी हुई पत्नी जब झाड़ू निकालती तो मेरे घर के सामने लगे कचरे की ढेरी इस तरह से खिसकाती ताकि वह दोनों मकानों के जोड़ की सीधे में रहे , न उधर का न इधर का। इससे झगडे की नौबत का सवाल ही नहीं उठता। वर्ना कचरे के लिए भी कई बार सिर फुटव्वल की नोबत आकर लोग थाने और कचहरी पहुंच जाते हैं।अब तो कचरे वाला आए तब तक अनाथ या सनाथ पशु उसको चबड़ चबड़ कर इधर -उधर कर दे ये ओर बात है। अपना कचरा दूसरों के सर पर डालना ये जग जाहिर सिद्धांत रहा है। भले ही वर्तमान में स्वच्छता के आंदोलन चलाए जा रहे हैं , लेकिन सिद्धांत तो अपनी जगह है ही और पुरानी परंपरा का पालन भी जरूरी है।देश ने विकास किया है तो कचरे की क्वालिटी ने व तरीके ने भी विकास किया है। कुछ कचरा वस्तुओं से निकलता है तो कुछ मुंह से तो कुछ पेट से भी। कुछ लोगों का मुंह एक ऐसा कचरा बाक्स है जिसकी उगलन चित्रकारी करती हुई रेल्वे स्टेशन, बस स्टैंड के खंभों, बैंचों के पायदानों, कोने - खचारों आदि उचित स्थानों पर देखें जा सकते हैं पंचायतों, नगरपालिकाओं व अन्य सार्वजनिक उपक्रमों की तो बात ही क्या ? आदमी बेचारा अपने मुंह का कचरा पिच्च करें तो करें कहां उसे भी तो जगह चाहिए। पास्ता , नूडल्स आदि का कुछ कचरा पेट की कचरा पेटेपेटी में जमा होने लगा जिसे आप्रेशन कर डाक्टरों का निकालना पड़ रहा है आखिर कर बाजार को भी तो ग्राहक चाहिए इस देश के युवा और बच्चे जो खाने योग्य नहीं है उसे नहीं खाएंगे तो ये कंपनियां चलेगी कैसे, कंपनियों को आय देना भी जरूरी है। ये तो व्यक्ति की बात हुई।अक्सर कर बड़े देश या शाणे देश छोटे देशों पर अपने यहां का कचरा डालने का अहसान भी निभाते हैं। जो कई रूपों में होता है अब आप ही देख लो भोपाल के युनियन कार्बाइड का कचरा पीथमपुर में डाला जा रहा। अपना कचरा दूसरे के सर इसका निर्वाह बदस्तूर जारी है।



**भगवती प्रसाद गेहलोत, पिपलियामंडी**

# अधिकारी सुनिश्चित करें कि कोई भी प्रकरण समय सीमा बाह्य ना हो-चंद्रा

**नीमच, 06 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिले के सभी राजस्व अधिकारी यह सुनिश्चित करे, कि लोकसेवा गांरटी अधिनियम के तहत राजस्व विभाग की सेवाओं के प्रदाय से संबंधित कोई भी प्रकरण समय सीमा के बाह्य ना हो। आवेदकों को समय पर सेवाएं प्रदान की जाए। यह निर्देश कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने सोमवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में आयोजित जिले के राजस्व अधिकारियों की बैठक में राजस्व महाअभियान के तहत राजस्व प्रकरणों के निराकरण की तहसीलवार समीक्षा करते हुए दिए।

बैठक में एडीएम श्रीमती लक्ष्मी गामड़, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती प्रीती संघवी, एसडीएम नीमच डॉ.ममता खेडे, मनासा एसडीएम श्री पवन बारिया, जावद एसडीएम श्री चंद्रसिह धार्वे, डिप्टी कलेक्टर श्री संजीव साहु, श्रीमती रश्मि श्रीवास्तवव, सभी तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए, कि आगामी 10 जनवरी को जिले में विशेष ग्राम सभाओं का सफल आयोजन सुनश्चित कर, परंपरागत रास्तों के विवाद के सभी प्रकरणों का आपसी सहमति से निराकरण कर रास्ता विवादों का निपटारा करवाए। उन्होने धारणाधिकार के लंबित प्रकरण, कलेक्टर न्यायालय को भिजवाने के निर्देश तीनों एसडीएम को दिए। राजस्व की विभिन्न मदों में वसूली की समीक्षा में बताया गया, कि अब तक 4.17 करोड़ की राजस्व वसूली की जा चुकी है। कलेक्टर ने सभी राजस्वं अधिकारियों को आगामी एक माह में वसूली का प्रतिशत बढ़ाकर 75 प्रतिशत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने राजस्व महाअभियान के तहत आरसीएमएस में दर्ज नए प्रकरणों के निराकरण का प्रतिशत 89 प्रतिशत से बढ़ाकर एक माह में 93 प्रतिशत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्देश दिए, कि पीएम किसान सम्मान निधि के जिले में 1011 हितग्राहियों के शेष ईकेवायसी के लिए घर-घर एक-एक हितग्राही से संपर्क कर उनका ईकेवायसी करवाएं। जिससे कि हितग्राहियों को पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ मिल सके। आधार से आरओआर लिंकिंग कार्य में तेजी लाने के निर्देश देते हुए कहा, कि पटवारी एवं युवा, कृषक मित्र घर-घर जाकर आधार लिंकिंग का कार्य पूर्ण करवाएं। नक्क्षा बंटाकन कार्य की प्रगति की समीक्षा के दौरान अपेक्षित प्रगति नहीं पाए जाने पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए कलेक्टर ने तहसीलदार रतनगढ को निर्देश दिए, कि बंटाकन के प्रकरणों में पक्षकारों को सुनवाई का अवसर देते हुए नक्क्षा तरमीम का कार्य तेजी से पूर्ण करवाएं। उन्होने सभी तहसीलदारों को नक्शा बंटाकन कार्य सर्वोच्च प्राथमिक्ता से पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। बैठक में फार्मर रजिस्ट्री , ई-केवायसी, आधार से आर.ओ.आर. लिंकिंग, पीएम किसान सम्मान निधि योजना के हितग्राहियों का ई-केवायसी नक्क्षा बटांकन के कार्य की प्रगति की तहसीलवार समीक्षा की गई और सभी तहसीलदारों को प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए गए।



## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 10 | 2282 | 2434 |
| उडद | 28 | 2390 | 6666 |
| सोयाबीन | 4900 | 4018 | 4275 |
| गैहु | 1693 | 3022 | 3260 |
| चना | 111 | 2222 | 6300 |
| मसुर | 48 | 4101 | 5891 |
| धनिया | 90 | 2500 | 7491 |
| लहसुन | 12000 | 10500 | 25500 |
| मैथी | 285 | 2401 | 5891 |
| मुंगफली | 2069 | 4000 | 5350 |
| अलसी | 662 | 5750 | 6100 |
| सरसो | 294 | 3800 | 5727 |
| तारामीरा | 2 | 4820 | 4851 |
| इसबगोल | 54 | 7001 | 12600 |
| प्याज | 14000 | 800 | 2500 |
| कलोंजी | 15 | 9000 | 17200 |
| तुलसी बीज | 5 | 8400 | 14000 |
| डॉलर | 5 | 4500 | 10351 |
| तिल्ली | 47 | 10200 | 12300 |
| जौ | 17 | 2751 | 2795 |
| किनोबा | 42 | 3274 | 3491 |
| असालीया | 9 | 8800 | 13000 |
| चियाबीज | 24 | 11051 | 16551 |

## सांसद सुधीर गुप्ता ने चाइनीज मांझे की बिक्री और दुर्घटनाओं के बढ़ते मामले को लेकर अधिकारियों के संज्ञान में डाला, आमजन से भी की अपील...

# बिक्री करने वालों के खिलाफ हो सख्त कार्रवाई



**मंदसौर, 06 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** जान लेवा होते चाइनीज मांझे के बिक्री पर पर प्रतिबंध लगाने और बिक्री करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने को लेकर सांसद सुधीर गुप्ता ने अधिकारियों से चर्चा की और नाराजगी जाहीर की। पूर्व में भी सांसद गुप्ता ने नीमच, मंदसौर व रतलाम के कलेक्टर को पत्र लिख कर चाइनीज मांझे की बिक्री करने वालों के खिलाफ सख्म कार्रवाई करने की बात कही।

सांसद गुप्ता ने कहा कि पिछले कई समय से देखने में आ रहा है कि जिले मे चाइनीस मांझे का उपयोग लगातार बढता जा रहा है। जिसके दुष्परिणाम लगातार सामने आ रहे है। यह आमजन, पशु-पक्षियों के लिए घातक सिद्ध हो रहा है। लगातार हो रही दुर्घटनाओं के कारण इस पर प्रतिबंध के बाद भी इसकी बिकी खुले रूप से हो रही है। एक दिन पूर्व भी संजीत नाके पर चाइनीज मांझे की चपेट में आने से नागरिक की गर्दन पर काफी गहरा जख्म हो गया। ऐसी घटनाओं की पुन: ना हो इसके लिए सभी अधिकारी कठोर कदम उठाए। उन्होने कहा कि एक टीम गठित की जाकर दुकानो की जांच करवाई जाए तथा ग्रामीण एवं शहरी पंतग, डोर व्यापारियो को निर्देश एवं समझाईश दी जाए तथा सख्ती के साथ इस पर कार्यवाही हो सके। इसी के साथ ही उन्होने शहर वासियों से अपील की है कि वो अपने बच्चों को समझाये की वो चाइनीज मांझे का इस्तेमाल न करें। अगर कोई भी चाइनीज मांझे की बिक्री करता है तो उसकी सूचना प्रशासन को देवे।

# उठना, गिरना फिर उठ खड़े होना यही जीवन का आनंद है-आचार्य रामानुजजी

## समाजसेवी ठाकुर सूरजप्रकाश तोमर ने की पांच कन्याओं के विवाह की घोषणा

**मंदसौर, 06 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** आचरण सिद्धान्त को हृदय में उतारने से आता हैं। एक चरित्रवान व्यक्ति किसी भी परिस्थिति में रहे अपने सिद्धान्तो का कभी परित्याग नही करता है। जहा आचरण और चरित्र होता हैं ऐसे चरित्रवान और सिद्धान्तवादी व्यक्ति का बोलना भी मंत्र बन जाता है। यदि वचन सिद्दि चाहते तो वचन चरित्र में आना चाहिए आप जो बोलना चाहते है पहले करके बताइए आप के वचन सिध्द हो जाएंगे। चरित्रवान व्यक्ति संसार के सारे वैभव को अपनी मुट्ठी में समेट सकता है। चरित्रवान व्यक्ति दुसरो के लिए प्रेरणा बन जाता है, चरित्र जब मंत्र बनता है हवन कुंड किं राख भी ओषधि बन जाती है। चरित्रवान की आवाज को परमात्मा



भी सुनने के लिए मजबूर हो जाता है।

यह बात आचार्य श्री रामानुजजी जी ने भगवान श्री पशुपतिनाथ की पावन नगरी मंदसौर में श्री हरिकथा आयोजन समिति के तत्वावधान में रुद्राक्ष माहेश्वरी भवन में तृतीय दिवस व्यास पीठ पर विराजित होकर कही। इस अवसर पर हरिकथा आयोजन समिति द्वारा अक्षय तृतीया के अवसर पर आयोजिय 21 कन्याओ के विवाह आयोजन में समाजसेवी ठाकुर नरेन्द्रसिंह तोमर के सुपुत्र सूरज प्रकाश सिंह तोमर ने पांच कन्याओ का विवाह करने की घोषणा की। तृतीय दिवस की कथा को श्रवण कराते हुए आचार्य श्री रामानुजजी ने चरित्र और पुरुषार्थ के महत्व को प्रतिपादित किया और कहा कि जीवन मे दो चीजें आवश्यक है पहली पैर मे ताक़त होनी चाहिए ताकी शिखर की यात्रा कर सके। दूसरा विकास कें लिये तरक्की के लिए संकल्पों को पूरा करने के लिए अदम्य साहस चाहिए। आपके जीवन मे जो सुख है वह पुरुषार्थ की बदौलत है। ईश्वर आपको आनंद में मुस्कराने के अवसर देता है लेकिन हमारी वृत्ति उसमे दु:ख ढूंढ लेती है। ईश्वर ने जो आपकी आंख में स्वप्न डाला है वह आपका ही है वह डाला ही इसलिए ताकि पुरुषार्थ करते हुए उसे साकार कर सके। उठना, गिरना फिर उठ खडे होना यही जीवन का आनंद है। इसलिए जीवन मे पुरुषार्थ आवश्यक है। सपनो को पूरा करने के लिए व्यक्ति को प्रचंड पुरुषार्थ भी करना पड़ता है लेकिन इसमें कभी हम थके तो हमारा हाथ पकड कर सहारा और भरोसा देने वाला हाथ भी गुरु के रूप में आवश्यक होता है। आचार्यश्री नें कहा कि राम को जब मेरी और आपकी याद आती है तो राम गुरु बनकर हमारे द्वार पर आते हैं। वो शिष्य भाग्यशाली हैं जिन पर गुरु ने अपना हाथ रखा है। राम जड, चेतन, पृथ्वी और आकाश में भी मुस्कराता है। जिस प्रकार राम सर्वव्यापक है वैसे ही गुरु भी सर्वव्यापक है जब भी मन मे नकारात्मकता आये तब मुस्करा देना आपके गुरु के चेहरे को सामने ले आना वह आपको नकारात्मकता से सकारात्मकता की और ले जाएगा।

### प्रचार रथ को जिपं अध्यक्ष ने रवाना किया

**मंदसौर, 06 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा विजय पाटीदार द्वारा गांधी सागर 1 समूह जल प्रदाय योजना अंतर्गत जल जीवन मिशन के प्रचार प्रसार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह प्रचार रथ योजना में सम्मिलित प्रत्येक ग्राम में भ्रमण कर ग्रामवासियों में जल जीवन मिशन में बारे में जानकारी का प्रचार-प्रसार करेगा।

### जिला स्तरीय जनसुनवाई आज सुवासरा में

**मंदसौर, 06 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** आज जिला स्तरीय जनसुनवाई सुवासरा तहसील कार्यालय में 11 बजे से 1 बजे तक आयोजित होगी। जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग आम जनों की समस्याओं को सुनेगी तथा निराकरण करेगी।

### एक आरोपी को तीन माह तक थाना हाजरी का आदेश

**नीमच, 06 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर एवं जिला दण्डा धिकारी श्री हिमांशु चंद्रा द्वारा म.प्र.राज्या सुरक्षा अधिनियम 1090 की धारा-5(क,ख) के तहत आरोपी राजु पिता संतोष भील निवासी भादवामाता, पुलिस थाना नीमच सिटी को तीन माह के लिए सदाचार बनाये रखने के लिए पुलिस थाना नीमच सिटी में सप्ताह में एक दिन थाना हाजरी का आदेश जारी किया गया हैं।

### सीपीसीटी परीक्षा 11 और 12 जनवरी को

**मंदसौर, 06 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (एमपीएसईडीसी) से प्राप्त जानकारी अनुसार 29, 30 नवंबर और 1 दिसम्बर 2024 को तकनीकी कारणों से रद्द की गई सीपीसीटी (कंप्यूटर प्रोफिशिएंसी सर्टिफिकेशन टेस्ट) परीक्षा आगामी 11 और 12 जनवरी 2025 को आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा में केवल वही परीक्षार्थी शामिल हो सकते है जिन्होंने दिनांक 29, 30 नवंबर और 1 दिसम्बर की परीक्षा के लिए पूर्व में आवेदन किया था। परीक्षार्थी अपने प्रवेश पत्र सीपीसीटी पोर्टल (www. cpct. mp. gov.in) से डाउनलोड कर सकते हैं।

# आबकारी : प्रदेश के गांवों में खुलेंगी 211 शराब की दुकानें

## नए नियम के तहत ग्राम सभाओं को दिए जायेंगे ठेकों के लाइसेंस

**भोपाल, 06 जनवरी गुरु एक्सप्रेस। मध्य प्रदेश में 'पेसा' नियम के तहत इस वर्ष ग्राम सभाओं ने 211 नई शराब की दुकानें स्वीकृत की हैं। पेसा नियम के तहत इन पेसा ग्राम सभाओं को राज्य शासन द्वारा मादक पदार्थों के संबंध में जारी निषेधाज्ञा को लागू करने की शक्ति प्राप्त है तथा निषेधाज्ञा के उल्लंघन पर एक हजार रुपये का अर्थदंड लगाने का भी अधिकार है। इसी प्रकार, शराब व भांग के विक्रय का प्रतिषेध एवं विनियमन का भी अधिकार है।**

### पेसा नियम में शामिल है ये जिले...

पेसा नियम के आदिवासी बहुल कुल 20 जिले आते हैं। इनमें छह जिले अलीराजपुर, झाबुआ, मंडला, बड़वानी, अनूपपुर एवं डिंडोरी पूरी तरह से 'पेसा' जिले हैं। जबकि शेष 14 आंशिक जिले हैं। जिनमें बालाघाट, बैतूल, बुरहानपुर, छिंदवाड़ा, धार, खंडवा, होशंगाबाद, खरगौन, सिवनी, शहडोल, श्योपुर, सीधी, उमरिया एवं रतलाम आते हैं।

### 88 'पेसा' विकासखंडों में पांच हजार 133...

इन सभी जिलों में 88 'पेसा' विकासखंडों में पांच हजार 133 ग्राम पंचायतें हैं, जिनमें आने वाले पेसा ग्रामों की संख्या 11 हजार 596 है। पेसा नियमों के तहत इन पेसा ग्राम सभाओं को राज्य शासन द्वारा मादक पदार्थों के संबंध में जारी निषेधाज्ञा को लागू करने की शक्ति प्राप्त है। निषेधाज्ञा के उल्लंघन पर एक हजार रुपये का अर्थदंड लगाने का भी अधिकार है।

# शेयर मार्केट:चीनी वायरस की चपेट में बाजार

## सेंसेक्स में 1290 अंकों की गिरावट, निवेशकों के डूबे 10 लाख करोड़

**नई दिल्ली, 06 जनवरी।** चीन में वायरस फैलने की खबरों के बीच भारत में एचएमपीवी के तीन केस सामने आ चुके है। इस वायरस का असल शेयर बाजार पर भी हो रहा है। भारतीय शेयर बाजारों में आज 6 जनवरी को तेज गिरावट देखने को मिली। बीएसई सेंसेक्स दिन के कारोबार में 1290 अंक टूट गया। वहीं निफ्टी 400 अंकों का गोता लगातार 23,600 पर पहुंच गया। इस गिरावट की वजह से शेयर बाजार निवेशकों के करीब 10 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा डूब गए।

मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में जबरदस्त बिकवाली देखने को मिल रही है। पीएसयू बैंक, रियल एस्टेट स्टॉक और तेल एवं गैस स्टॉक में बड़ी गिरावट देखी जा रही है। बैंक ऑफ बड़ौदा, पीएनबी और केनरा बैंक लगभग 4 फीसदी से ज्यादा नीचे दिखाई दिए। दिग्गज एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज (आरआईएल) और कोटक महिंद्रा बैंक में भी बड़ी गिरावट है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स में 1,100 अंकों की गिरावट देखने को मिल चुकी है। जिसकी वजह से इंडेक्स 77,959।95 अंकों पर आ गया है। जबकि आज सुबह मामूली तेजी के साथ 79,281।65 अंकों पर ओपन



हुआ था। जबकि शुक्रवार को 700 से ज्यादा अंकों की गिरावट के साथ सेंसेक्स 79,223।11 अंकों पर बंद हुआ था। इसका मतलब है कि लगातार दो कारोबारी दिनों में सेंसेक्स में 1,983।76 अंकों की गिरावट देखने को मिल चुकी है। गुरुवार को सेंसेक्स अच्छी तेजी के साथ 79,943।71 अंकों पर बंद हुआ था।

# पाकिस्तान ने किया एयर स्ट्राइक, दहला अफगानिस्तान, फिर अटैक करने की दी चेतावनी

**इस्लामाबाद, 06 जनवरी।** पाकिस्तान ने सोमवार को अफगानिस्तान के पक्तिका प्रांत में अपनी हालिया एयर स्ट्राइक को उचित ठहराया। सरकार ने सोमवार को कहा कि यदि जरूरी हुआ तो वह तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के ठिकानों को निशाना बनाने के लिए अफगान क्षेत्र के अंदर ऐसे और हमले करेगी।

राजनीतिक मामलों पर प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के विशेष सहायक राणा सनाउल्लाह ने सोमवार को स्थानीय मीडिया से कहा, यदि अफगानिस्तान की धरती का इस्तेमाल पाकिस्तान पर हमला करने के लिए किया जाता है तो हमारे पास इन ऑपरेशन को जारी रखने



का कानूनी अधिकार है। 24 दिसंबर को अफगानिस्तान के अंदर पाकिस्तानी एयर स्ट्राइक में कई महिलाओं और बच्चों सहित 46 लोगों की मौत हो गई। पाकिस्तान की इस कार्रवाई की दुनिया भर में आलोचना हुई और युद्धग्रस्त देश में तालिबान शासन की ओर से उसे कड़ी चेतावनी दी गई।

हमला पक्तिका प्रांत के बरमल जिले के कुछ हिस्सों पर किया गया था। यह 2024 में इस्लामाबाद की तरफ से अफगान नागरिक क्षेत्र पर सीधे हमला करने का दूसरा मामला था। मार्च 2024 में इसी तरह के हमले में तीन बच्चों सहित आठ लोगों की मौत हो गई थी। सनाउल्लाह का बयान ऐसे समय में आया है जब इस्लामाबाद ने टीटीपी और अन्य 'राज्य विरोधी आतंकवादी समूहों के खिलाफ अपने आतंकवाद विरोधी अभियान तेज कर दिए है। पाकिस्तान का अफगान तालिबान पर आरोप है कि वह टीटीपी विद्रोहियों को सुरक्षित पनाहगाह उपलब्ध कराने और उनकी आतंकवादी गतिविधियों का समर्थन करता है। हालांकि काबुल इन आरोपों का खंडन करता आया है। इस टिप्पणी को हवाई हमलों के बाद से पाकिस्तान के खिलाफ विभिन्न तालिबान नेताओं द्वारा बार-बार दी गई धमकियों के जवाब के रूप में भी देखा जा रहा है। हवाई हमलों के दो दिन बाद कार्यवाहक अफगान विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी ने कहा, अफगान अपने क्षेत्र पर हमले को नहीं भूलेंगे। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी शासकों को एक संतुलित नीति अपनानी चाहिए। सोवियत आक्रमण की 45वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में अपने भाषण के दौरान मुत्ताकी ने पाकिस्तान को सोवियत संघ और संयुक्त राज्य अमेरिका के अंजाम से सीखने की सलाह दी।

### अमलेश्वर महादेव मन्दिर में आचार्य रामानुज जी के कल प्रवचन होंगे

**मंदसौर, 06 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** श्री अमलेश्वर महादेव मन्दिर में आचार्य श्री रामानुजजी 8 जनवरी बुधवार को प्रात: 10 बजे आगमन होगा। आप मंदिर दर्शन कर नव निर्माण का अवलोकन करेंगे और प्रवचन भी देंगे। उल्लेखनीय है कि मंदिर के नव निर्माण का कार्य आप ही के सानिध्य में दो वर्ष पूर्व शिला पूजन कर आरंभ किया गया था। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष पं.गोपाल गुरु ओर समस्त ट्रस्टी गणों ने धर्मालुजनों से इस अवसर पर उपस्थित हो कर धर्मलाभ लेने का अनुरोध किया है।

### जाकिर पठान छह माह के लिए जिला बदर

**नीमच, 06 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिला मजिस्ट्रेट श्री हिमांशु चंद्रा व्दारा म.प्र.राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5 के तहत आवरासात रामपुरा निवासी जाकिर पिता तजब्बीर पठान को छह माह की अवधि के लिए जिला बदर का आदेश जारी किया गया है। उक्त अवधि में जाकिर पठान नीमच जिले की राजस्व सीमा तथा समीपवर्ती मंदसौर, रतलाम, शाजापुर, उज्जैन, देवास, आगर मालवा जिले की राजस्व् सीमा में छह माह की अवधि तक प्रवेश नहीं कर सकेगा। अनावेदक जाकिर पठान के विरूद्ध रामपुरा पुलिस थाने में विभिन्न धाराओं में अपराध पंजीबद्ध होकर न्यायालय में विचाराधीन है।

### बीड़ी लेने की कहकर बाइक ले उड़ा, केस दर्ज

**पिपलियामंडी, 06 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** बीड़ी लेने की कहकर बाइक ले गया युवक बाइक लेकर फरार हो गया। बरखेड़ा डांगी निवासी मैनाबाई ने नाहरगढ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि पड़ोस में रहने वाला राजेश पिता बालूराम डांगी मेरे घर के बाहर खड़ी बाइक (एमपी 14 एमटी 5669) को स्टार्ट कर ले जाने लगा, मैंने पूछा तो बोला बीडी लेकर आ रहा हूं, लेकिन वह नही आया और बाइक चोरी कर ले गया। पुलिस ने मामले में केस दर्ज किया।

### नप सीएम हेल्पलाइन शिकायतो निराकरण के लिए वार्ड वाइज कैंप लगाए -कलेक्टर

**मंदसौर, 06 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग की अध्यक्षता में साप्ताहिक अंतर विभागीय समीक्षा बैठक सुशासन भवन स्थित सभागृह में आयोजित की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर ने सभी नगर परिषदों को निर्देश देते हुए कहा कि, सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण के लिए वार्डों में शिविर लगाए। इसके साथ ही शिविर के संबंध में आम नागरिकों को सूचित भी करें। जिससे तुरंत शिकायतों का समाधान हो सके। शिकायतों का संतुष्टि पूर्ण समाधान भी करें। सहकारिता विभाग गेहूं उपार्जन पंजीयन के लिए आवश्यक तैयारियां समय पहले पूर्ण करें। खनिज विभाग नियमित कार्यवाही करें। साथ ही ब्रिज विभाग ब्रिज निर्माण कार्य को समय पर पूर्ण करें। बैठक के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री राजेश कुमार जैन, अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल सहित जिलाधिकारी मौजूद थे।

### इंडो-नेपाल कबड्डी चैंपियनशिप में मंदसौर की बेटियों ने...

# गोल्ड मेडल जीतकर देश का नाम किया रोशन, लौटने पर हुआ जोरदार स्वागत

**मंदसौर, 06 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** तीन दिवसीय इंडो-नेपाल चैंपियनशिप कबड्डी प्रतियोगिता में मंदसौर की बेटियों ने स्वर्ण पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया है। इनके मंदसौर लौटने पर जोरदार स्वागत किया गया।



मंदसौर की बेटी फिजा उमर खान, पल्लवी देवड़ा और जिज्ञासा धनगर का नेशनल प्रतियोगिता में इंटरनेशनल कबड्डी प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ था। तीनों ने नेपाल के पोखरा में दो जनवरी से पांच जनवरी तक आयोजित तीन दिवसीय इंडो-नेपाल चैंपियनशिप कबड्डी प्रतियोगिता में अपनी टीम के साथ प्रतिभाग किया था। भारतीय टीम ने नेपाल की टीम को हराकर इंडो-नेपाल चैंपियनशिप अपने नाम करने के साथ ही गोल्ड मेडल भी अपने नाम कर लिया। फिजा उमर खान, पल्लवी देवड़ा और जिज्ञासा धनगर ने गोल्ड मेडल जीतकर अपने देश और जिले के साथ ही अपने मंदसौर और कॉलेज का नाम रोशन किया है। इनके मंदसौर लौटने पर फूल मालाओं से स्वागत किया गया।

### वेंटीलेशन तोड़कर सोयाबीन के कट्टे चोरी

**पिपलियामंडी, 06 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** नाहरगढ़ थाना क्षेत्र में चोरी व लूट की घटनाएं थमने का नाम नही ले रही है। बीती रात्रि फिर एक किसान के गोडाउन में भरे 20 कट्टेसोयाबीन अज्ञात बदमाश चोरी कर ले गए। एरा निवासी समरथ पिता भंवरलाल धाकड़ ने नाहरगढ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि मामादेव मार्ग पर बने गोडाउन में सोयाबीन भरी हुई थी। जिसमें से 20 कट्टेसोयाबीन चोर वेटीलेशन की जाली तोड़कर चोरी कर ले गए। पुलिस ने केस दर्ज किया। उल्लेखनीय है कि नाहरगढ़ क्षेत्र में पुलिस की उदासीनता के चलते आए दिन चोरियों व लूट हो रही है। पिछले 20 में एक किसान व व्यापारी के भी नकदी लूट की घटनाएं हुई थी। हालांकि पुलिस ने दोनों मामलों में आरोपियों को पकड़ लिया था।

### पत्नी को पीटा, पति सहित 2 पर केस

**पिपलियामंडी, 06 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** मारपीट के मामले में पुलिस ने पति सहित दो पर केस दर्ज किया। हाथी बोलिया निवासी शिवकन्या पति हरिसिंह डांगी ने नाहरगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि पति हरिसिंह ने शराब के नशे में कहा कि ये बकरे बचे है, इन्हें बेच देंगे। मैंने मना किया तो पति ने उनके दोस्त अर्जुन डांगी के साथ मिलकर लकड़ी से पीटा, जिससे चोंटे आई। पुलिस ने दोनों पर केस दर्ज किया।

### बीजेपी:जिलाध्यक्ष की घोषणा... पेज 1 से जारी

चलती रही। इसके बाद सोमवार को भी यह क्रम जारी रहा। सूत्रों का कहना है कि 30 जिलों के लिए नाम लगभग फाइनल हो गए हैं। पार्टी सूत्रों का कहना है कि सोमवार को एक बार फिर नामों पर मंथन हुआ। आज मंगलवार को पहली लिस्ट आ सकती है। प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा इंदौर में हैं। यहां जिलाध्यक्षों के नामों को लेकर कशमकश चल रही है। मौजूदा जिलाध्यक्ष गौरव रणदिवे के रिपीट होने की संभावनाओं पर सवाल खड़े हो गए हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने भी कुछ जिलों में सहमति के लिए बात की है। इसी तरह की कशमकश ग्वालियर, भोपाल और जबलपुर और सागर जिलों में भी हैं।जहां बड़े नेता किसी एक नाम पर सहमत नहीं हो पा रहे हैं। ग्वालियर में पेंच सिंधिया और तोमर खेमों के बीच फंसा है। दोनों ही अपने समर्थकों को लेकर अड़े हुए हैं। ऐसे में एक खेमे को ग्वालियर शहर और दूसरे को ग्वालियर ग्रामीण से संतोष करना पड़ेगा। पार्टी सूत्रों के मुताबिक मप्र की सूची दो से तीन हिस्सों में आ सकती है। मंगलवार को 35 से 40 जिलों के अध्यक्षों के नाम घोषित होने की संभावना है। जिन जिलों में अभी सहमति नहीं बन पाई है, उनके नामों पर दोबारा मंथन के बाद अलग से जारी किया जाएगा। मप्र में प्रदेशाध्यक्ष चुनाव के लिए भाजपा ने केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रदान को जिम्मेदारी सौंपी है। प्रधान का 10 से 15 जनवरी के बीच भोपाल दौरा प्रस्तावित है।

### एजेंसी से मंगाई प्रोफाइल...

सूत्रों के मुताबिक भाजपा ने राष्ट्रीय स्तर पर एक प्राइवेट एजेंसी से हर जिले के पैनल में शामिल नेताओं की प्रोफाइल मांगवाई गई। इसमें उनके निवास स्थान के आस-पडोस में छवि, आपराधिक पृष्ठभूमि समेत कई जानकारियां हैं।

### 50 जिलाध्यक्ष घोषित होने पर होगा प्रदेशाध्यक्ष का चुनाव...

मध्यप्रदेश बीजेपी के जिला अध्यक्षों के चुनाव की प्रक्रिया लगभग पूरी हो गई है। करीब आठ-दस जिलों में स्थानीय नेताओं के बीच चल रही रस्साकशी रोकने के लिए बैठकों और चर्चाओं का दौर चल रहा है। बीजेपी की पहली सूची में 50 से ज्यादा जिलों के अध्यक्ष घोषित हो जाएंगे। इसके फौरन बाद प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष के दावेदारों में वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा तीसरा कार्यकाल पाने के लिए प्रयासरत हैं। वहीं, जातिगत समीकरणों में ब्राह्मण वर्ग से नरोत्तम मिश्रा, राजेंद्र शुक्ल और अर्चना चिटनीस पूरी ताकत लगा रहे हैं। क्षत्रिय वर्ग की बात करें तो अरविंद भदौरिया के साथ बृजेंद्र प्रताप सिंह और सीमा सिंह जादौन सबको साधने में लगे हैं। वैश्य वर्ग से हेमंत खंडेलवाल, सिंधी समाज से भगवानदास सबनानी से लेकर दलित और आदिवासी वर्ग के नेता भी प्रदेशाध्यक्ष बनना चाहते हैं।प्रदेश अध्यक्ष के दावेदारों में ब्राह्मण, ठाकुर, वैश्य, सिंधी, आदिवासी वर्ग के कई दिग्गज शामिल हैं। वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा को करीब 4 साल 10 महीने हो चुके हैं। उनका कार्यकाल एक बार बढ़ाया गया था।

### कैसे होगा प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव..?

बीजेपी के जिलाध्यक्षों की पहली सूची में 50 से ज्यादा जिलों के अध्यक्ष घोषित हो जाएंगे। पहली सूची जारी होने के तुरंत बाद प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। प्रदेशाध्यक्ष का चुनाव कराने के लिए केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को प्रदेश का बीजेपी चुनाव अधिकारी बनाया है। धर्मेंद्र प्रधान मध्यप्रदेश के 50 जिलाध्यक्षों की घोषणा होने के बाद भोपाल आएंगे। इसके बाद प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव का कार्यक्रम जारी होगा।

### मौसम : तापमान में आई... पेज 1 से जारी

ने बताया मंगलवार से दिन-रात के पारे में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट हो सकती है। अभी उत्तर भारत में एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस की एक्टिविटी है। इस वजह से बर्फीली हवा प्रदेश में आने लगेगी। जिसकी रफ्तार तेज होगी। यह ठंड का असर बढ़ाएगी। इधर जम्मू, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, लद्दाख में बर्फबारी होने से सर्द हवाएं प्रदेश में आ रही हैं। रविवार को 12.6 किमी की ऊंचाई पर 240 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से जेट स्ट्रीम चलती रही। इस कारण ठंड का असर है। आने वाले दिनों में बर्फ पिघलेगी। जिससे हवा की रफ्तार तेज होगी और प्रदेश में ठंड का असर बढ़ जाएगा। मौसम विभाग के अनुसार, जनवरी में प्रदेश का मौसम ठंडा ही रहेगा। 20 से 22 दिन तक शीतलहर चलने का अनुमान है।

### कांग्रेस की राष्ट्रीय नेता प्रियंका गांधी के खिलाफ की गई अभद्र टिप्पणी के विरोध में ...

# भाजपा नेता रमेश विधूड़ी का जिला एनएसयूआई ने किया पुतला दहन



**मंदसौर, 06 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** आए दिन सुर्खियों में रहने के लिए गलत बयान बाजी करने वाले भाजपा के बढ बोले नेता रमेश बिधूड़ी का आज एनएसयूआई ने पुतला फूंक दिया।

बड़ बोले भाजपा नेता ने पिछले दिनों कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी के खिलाफ अपमानजनक (अभद्र) टिप्पणी की थी जिसके विरोध में जिला एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने आज गांधी चौराहा पर नारेबाजी करते हुए विधूडी का पुतला दहन किया। गौरतलब है भाजपा से जुड़े लोग आए दिन कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं व खास कर महिला नेताओं के खिलाफ अनर्गल बयान बाजी करते रहते हैं इसके विरोध में एनएसयूआई ने पूरे देश में जिला मुख्यालय पर भाजपा नेता रमेश बिधूड़ी का पुतला दहन का कार्यक्रम रखा, जो इसी कड़ी में आज जिला एनएसयूआई ने जिला मुख्यालय पर पुतला दहन किया गया। इस पुतला दहन के अवसर पर एनएसयूआई विधानसभा प्रभारी दुर्गा शंकर धाकड़,रोहित मालवीय ,यस माली, विजय टेलर,अभिषेक प्रजापति,भरत धाकड़ ,कमलेश राजू,अनिल,कान्हा,रंजीत,दिनेश शिवराज सिंह पवार, पवन गहलोत, आसिफ अली साथ ही वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं में अशोक रैकवार, संजय सोनी,राजनारायण लाड,वहीद जैदी, विजय सिंह सिसोदिया,अमीन खान, दशरथ सिंह राठौड़ आदि इस अवसर पर उपस्थित थे।

# द्वारिकाधीश मंदिर में बदले नियम, भक्त अब नहीं चढ़ा पाएंगे प्रसाद

**मथुरा, 06 जनवरी।** कृष्णनगरी मथुरा के मशहूर द्वारिकाधीश मंदिर में नया नियम लागू कर दिया है। नए नियम के मुताबिक, अब श्रद्धालु किसी भी तरह का प्रसाद और फूल-माला मंदिर में लेकर नहीं जा सकेंगे। मंदिर प्रबंधन ने बाहरी वस्तुओं पर रोक लगा दी है। आपको बता दें कि पुष्टिसंप्रदाय के मंदिर में ठाकुरजी का किसी भी बाहरी वस्तु का भोग न लगाने तथा बाजार से लाए गए फूल-माला न चढ़ाने की परंपरा है।

द्वारिकाधीश मंदिर के बाहर कई तरह के फूल विक्रेता फूल-माला की बिक्री करते थे और मंदिर जाने वाले श्रद्धालु यहां से फूल माला और प्रसाद खरीद कर ले जाते थे। लेकिन, असल में बाहर के खरीदे फूलमाला और प्रसाद ठाकुर जी तक नहीं पहुंच पाते थे। श्रद्धालु दर्शन के वक्त उनको मंदिर के सामने गैलरी में चढ़ा देते थे।

**कैसे तैयार होता है ठाकुर जी का भोग?**-पुष्टिमार्ग संप्रदाय में ठाकुर जी को जो भोग लगाया जाता है उसे बगैर सिले हुए वस्त्र पहन के तैयार कराया जाता है। मंदिर के अंदर यह प्रसाद तैयार होता है और उसे ठाकुर जी को धराया जाता है। मान्यता यह है कि कोई भी वस्तु जो पब्लिक की नजरों के सामने से जाती है और पब्लिक की नजर पडने पर अगर उन्हें यह महसूस होता है कि यह प्रसाद बहुत अच्छा है तो ठाकुर जी उसे ग्रहण नहीं करते।




**फूल घर में बनती है ठाकुर जी की फूल माला**-पुष्टिमार्ग संप्रदाय की यह परंपरा काफी पुरानी है, लेकिन मंदिर में एक प्रचलन ऐसा हो गया था कि श्रद्धालु बाहर से कोई प्रसाद या फूल माला लेकर पहुंच रहे थे। परंतु, उसे ठाकुर जी पर कभी चढ़ाया नहीं जाता था। साथ ही, ठाकुरजी को धारण कराए जाने वाली फूल माला भी मंदिर के फूल घर में तैयार होती है। उस फूल घर में फूल बगीचे से आते हैं। फूलों को पूर्ण रूप से शुद्ध करने के बाद माला बनती है और वह माला व फूल ठाकुर जी को धराएं जाते हैं।

**कौन है पुष्टिमार्ग समुदाय?**-पुष्टिमार्ग समुदाय हिंदू धर्म का एक विशिष्टसंप्रदाय है, जिसकी स्थापना महाप्रभु वल्लभाचार्य (1479-1531) ने 16वीं शताब्दी में की थी। यह समुदाय भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति और उनके कृपा-मार्ग पर आधारित है। पुष्टिका अर्थ है कृपा या पालन-पोषण, और मार्ग का अर्थ है पथ। पुष्टिमार्ग इस बात पर जोर देता है कि भक्ति और मुक्ति केवल भगवान की कृपा से ही प्राप्त होती है। इस पथ में साधक किसी कर्मकांड या कठोर तपस्या के बजाय पूर्ण भक्ति और समर्पण से भगवान की सेवा करते हैं।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है।
फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in